The Baptist Tabernacle of Los Angeles

1329 South Hope Street, L.A. Civic Center

Mailing Address:
P. O. Box 15308
Los Angeles, CA 90015
Phone: (213) 744-9999
E-mail: rlhymersjr@sbcglobal.net
www.sermonsfortheworld.com
www.baptisttabernacle.com

Dr. R. L. Hymers, Jr.
Senior Pastor

Dr. Christopher L. Cagan
Associate Pastor

दिसंबर, २०१८

प्रिय मित्रों,

"अगेंस्ट ऑल फियर्स" मेरे जीवन की कहानी है, जो इस वर्ष के अप्रैल माह में प्रकाशित हुई थी। जिन लोगों ने मेरी पुस्तक की प्रशंसा की, उनमें से डॉ बॉब जोंस तृतीय एक हैं, जिन्होंने कहा कि मैं "पुराने नियम के भविष्यवक्ता" के समान हूं। डॉ बिल मुनरों, जो बीबीएफआय के दो बार अध्यक्ष रह चुके हैं, उनका कथन था कि "डॉ हायमर्स आधुनिक समय के दानियेल" हैं। बीबीएफ के संरक्षक एवं रॉउलिंग फाउंडेशन के प्रमुख डॉ जॉन राउलिंग के पुत्र, डॉ हरबर्ट राउलिंग ने मुझे "असली अमेरिकन बताया है! एक स्वप्नदर्शी! जिसका जीवन........मसीह के लिए कार्य करने एवं अंतर पैदा करने का जुनून रखता है।" इवेंजलिस्ट डॉन बॉयस ने कहा था, "'अंगेस्ट ऑल फियर्स' सारे लोगों को पढ़ना चाहिए न कि सिर्फ प्रचारकों को। हायमर्स हरेक जन के लिए एक उदाहरण हैं........उनकी कहानी इस समय की प्रमुख आवश्यक बातें जैसे साहस, प्रतिबद्वता और आचरण को अपने में समाहित करती है।"

जब मैं इन प्रसिद्ध मसीहियों को अपने विषय में कहते सुनता हूं तो आश्चर्य होता है कि ये कैसे संभव हुआ। मैं प्राय: अचरज से भर जाता हूं कि, "मैं ऐसे व्यक्ति में कैसे तब्दील हो गया?" मेरे सेवकाई के प्रारंभिक काल में ही, मेरे प्रचार कार्य के लिए बुलाए जाने से पहिले, प्रभु यहोवा ने मुझे मेरे जीवन के लिए बाईबल का यह पद प्रदान किया था,

"जो मुझे सामर्थ देता है उस में मैं सब कुछ कर सकता हूं" (फिलिप्पयों ४:१३)

लगभग ६१ वर्षो तक मैंने इस प्रतिज्ञा को अपने लिए पूर्ण होते पाया। समस्त जीवन भर मैंने अनेक चुनौतियों और धक्कों का सामना किया। किंतु मैंने प्रत्येक लड़ाई में जीत हासिल की क्योंकि मैं हमेशा पूर्ण रूप से प्रभु यीशु मसीह पर निर्भर था। मसीह के कारण ही मैं असाधारण बाधाओं को भी पार कर गया और दुनिया भर में लाखों लोगों के लिए प्रेरणा बन गया। मैं हर लड़ाई जीत चुका हूं क्योंकि मैं पूर्ण रीति से यीशु मसीह पर निर्भर था।

उन "बड़ी" लड़ाइयों के कुछ उदाहरण इस प्रकार हैं। इसमें बाइबल के अचूक होने के लिये लडाई सम्मिलित थी, जिसमें मुझे मेरे धर्मविज्ञान कॉलेज में पढ़ाए जाने वाली झूठी शिक्षाओं के विरूद्ध खड़ा होना पड़ा क्योंकि उन्होंने धर्मशास्त्र बाइबल को कम करके आंका था। मैंने उस लड़ाई में जीत हासिल की क्योंकि मैं पूर्ण रूप से मसीह पर निर्भर था। इसके पश्चात उस भयानक निंदात्मक पिक्चर के विरूद्व लड़ाई लड़ी, जिसका शीर्षक था, "दि लास्ट टैंपटेशन ऑफ क्राईस्ट", जिसमें यीशु को मरियम मगदलीनी के साथ सैक्स करते हुए दर्शाया था। मैंने उस लड़ाई में जीत हासिल की क्योंकि मैं पूर्ण रूप से मसीह पर निर्भर था। टेलीविजन और समाचार पत्रों पर "झूठी खबरों" ने मुझे यहूदी विरोधी करार

दिया। मैंने इस लड़ाई को जीता और पूरी तरह से उस आरोप से भी मुक्त हुआ क्योंकि मैं पूर्ण रूप से यीशु मसीह और केवल यीशु मसीह पर ही निर्भर था। फिर <u>गर्भपात के विरूद्ध लड़ाई</u> लड़ी। रेव्ह. जॉन सैम्यूएल कैगन का कहना है, ''डॉ हायमर्स ने अपने पूरे चर्च को इस लड़ाई में झोंक दिया और गर्भपात के दो क्लिनिक बंद करवा दिए। वह तब तक पीछे नहीं हटे जब तक वे दो क्लिनिक हमेशा के लिए बंद नहीं हो गए।" मैं यीशु के साथ खड़ा रहा और हमने यह लड़ाई जीती क्योंकि हम पूरी रीति से उन्हीं पर निर्भर बने रहे। फिर <u>हमारे चर्च की इमारत को बचाने की लडाई थी।</u> एक दुष्ट और पापमय मनुष्य अपने साथ ३२० सदस्यों को लेकर अलग हो गया और हमारे चर्च की इमारत लगभग खतरे में पड़ गयी। हम इस लड़ाई को जीतने में भी समर्थ रहे क्योंकि बाइबल का यह पद कहता है, ''जो मुझे सामर्थ देता है उस में मैं सब कुछ कर सकता हूं।" जब कभी मैं इस प्रकार की लड़ाइयों में होता हूं, मैं पता करता हूं कौनसा पक्ष सही है और कौनसा पक्ष गलत। फिर मैं सही पक्ष अपना लेता हूं और हमेशा जीतता हूं क्योंकि ''जो मुझे सामर्थ देता है उस में मैं सब कुछ कर सकता हूं।"

इस समय में जब कई प्रचारक अपने चर्च की संख्या बढ़ाने के लिए दूसरे चर्च के सदस्यों को चुराने का कार्य करते हैं, मुझे कभी ऐसा नहीं करना पड़ा क्योंकि मैं जगत में से भटके हुए लोगों को जीतने में समर्थ रहा। क्यों? क्योंकि ''जो मुझे सामर्थ देता है उस में मैं सब कुछ कर सकता हूं।" <u>इसलिए!</u> इसलिए पूरे संसार भर में गॉस्पल को ले जाने की लड़ाई में हम सफल रहे हैं। आज पूरे विश्व के २२१ देशों में से १.५ मिलियन लोग ४० भाषाओं में मेरे संदेशों को पढ़ते हैं – क्योंकि ''जो मुझे सामर्थ देता है उस में मैं सब कुछ कर सकता हूं।"

रेव्ह जॉन कैगन का कथन था, ''डॉ हायमर्स अपने लंबे अनुभव से जानते हैं कि अगर किसी को अपने जीवन का निर्माण करना है तो उसकी एकमात्र पक्की आधारशिला है – वह दिव्य प्रभु जिन्हें यीशु मसीह कहा जाता है।"

मेरे पुत्र राबर्ट ने कहा है, ''मेरे पापा को केवल कुछ ही लोग समझ पाए हैं क्योंकि वे औसत इंसान के समान नहीं सोचते हैं। वे प्रभु यहोवा के साथ चलते हैं।" मैं एक ही कारण से हर लड़ाई को जीतता चला गया क्योंकि मेरा यह विश्वास था कि – ''जो मुझे सामर्थ देता है उस में मैं सब कुछ कर सकता हूं।" इसी कारण से आज हमारा यह चर्च अस्तित्व में है। इसी कारण से यह देखने को मिला कि जब मैंने पूछा कि मेरे संदेशों को सुनकर जिनके मन परिवर्तित हुए है वे खड़े हो जाए, तो पूरा चर्च खड़ा हो गया, केवल दो जन ऐसे निकले जिनका मन परिवर्तन किसी अन्य स्थान पर हुआ था।

मेरे विश्वसनीय साथी और मित्र डॉ क्रिस्टोफर एल कैगन ने कहा था, ''डॉ हायमर्स वह इंसान हैं, जिन्होंने ठोकरें खाई, चोटें लगी और दिल टूटा, उन्होंने फिर अपने को संभाला, अनेकानेक बड़ी – बड़ी बाधाओं को पार किया, उठ खड़े हुए ताकि लोगों को यह संदेश मिले कि यीशु मसीह उनकी भी मदद कर सकते हैं।"

डॉ एडी पुरवंतों ने कहा, ''जब प्रभु यहोवा किसी इंसान के साथ होते हैं तो फिर वह इंसान हार नहीं सकता।"

डॉ राबर्ट एल समनेर ने कहा था, ''मैं उस इंसान की प्रशंसा करता हूं, उसे पसंद करता हूं जो समस्त विषम परिस्थितियों के मध्य भी सत्य के लिए खड़े होने की इच्छा रखता है। राबर्ट लैस्ली हायमर्स इसी प्रकार के मसीही जन हैं।"

डॉ कैंट फिलपोत ने कहा ''जितने प्रचारकों को हमने सुना, उनमें से डॉ हायमर्स एक उत्कृष्ट प्रचारक हैं। पुराने समय का एक भला इंसान। उनका ध्यान हमेशा मसीह (का) संदेश सुनाने पर लगा रहा।"

डॉ नील वीवर ने कहा, ''डॉ हायमर्स एक साहसी व्यक्ति हैं, जिनकी धारणाएं मजबूत हैं और सारी विषम परिस्थितियों में वे उन धारणाओं के लिए लड़ने के लिए (इच्छुक) रहते हैं।"

डॉ फिल गोबले का कथन था, "........इस आधुनिक पेशेवर लड़ाकू संसार में विश्वास की ऐसी लड़ाई जो यह योद्धा लड़ता है, लड़ने के लिए इस महान योद्धा का अनुसरण कीजिए।"

डॉ क्रिस्टोफर एल कैगन ने कहा था, "डॉ आर एल हायमर्स, जूनियर वह इंसान हैं जिन्होंने असंभव को हासिल कर लिया – सारे डर को दरकिनार करके! मैं जानता हूं क्योंकि मैंने उनके निकट बने रहकर चालीस वर्षो तक कार्य किया है।"

आप मेरी आत्म कथा "अगेंस्ट ऑल फियर्स" की प्रति $१० में प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए डॉ सी एल कैगन से इस पते पर पत्र व्यवहार कर सकते हैं, पी ओ बॉक्स १५३०८, लॉस ऐंजीलिस, कैलीफोर्निया ९००१५। अपने चेक पर "क्रिसमस लेटर" शब्द अवश्य लिखिए, इससे आप को $१० की छूट प्राप्त होगी। $१० भेजिए और मेरे जीवन की कथा को प्राप्त कीजिए!

मैं प्रार्थना करूंगा कि क्रिसमस के अवसर पर प्रभु यहोवा आप को आशीष देवें। वे आप को नये वर्ष में भी आशीष देवें। हमारे प्रभु यीशु मसीह की प्रशंसा होवे!

डॉ हायमर्स अपनी पत्नी इलियाना, उनके पुत्र राबर्ट, राबर्ट की पत्नी जिन, राबर्ट की दो छोटी पुत्रियों हन्ना व सारा के साथ

प्रभु यीशु में आप का,



डॉ आर.एल.हायमर्स, जूनि.
डी मिन. टी एच डी. लिट. डी
फिलिप्पयों ४:१३

हायमर्स परिवार मिसिस हायमर्स के अंकल फैंसिस्को कास्त्रों, ग्वाटेमाला से आए मेहमान कैरोलिना, ब्रायना, एरविन क्यूलर व ऐंटीओने के साथ

डॉ व मिसिस हायमर्स, डॉ एल्मोर एल टाउंस के साथ जिन्होंने हमारी लेबर डे वीकेंड सभा में शिक्षण किया था

हमारी वेबसाईट पर सैकड़ों संदेश शब्दश: चालीस भाषाओं में
WWW.SERMONSFORTHEWORLD.COM पर उपलब्ध हैं